डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः-~~ABC ID~~ सम्ब0/997/2025 दिनांकः-05.02.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः- महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की ए0बी0सी0 आई0डी0 बनाये जाने व उस आई0डी0 को समर्थ पोर्टल से लिंक करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं की ए0बी0सी0 आई0डी0 बना कर उसे समर्थ पोर्टल से लिंक कराया जाना है। जिसके सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में ही सूचना प्रेषित कर दी गयी है। संज्ञान में आया है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा उक्त कार्य में विशेष रूचि नही ली जा रही है। जिस पर शासन द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है। ए0बी0सी0 आई0डी0 के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु दिये गये प्रारूप पर महाविद्यालय स्तर पर समन्वयक नामित करते हुए सूचना समर्थ कार्यालय, आई0ई0टी0, स्वामी विवेकानन्द परिसर, खंदारी को उपलब्ध करायेगें।

प्रारूप

S.No.	College Name	Coordinator Name	Email ID	Mobile no./WhatsApp no.

छात्र/छात्राओं की ए0बी0सी0 आई0डी0 निम्न लिंक के माध्यम से जनरेट करा सकते है।

Link: https://abc.gov.in/resources.php

ए0बी0सी0 आई0डी0 कैसे बनायी जा सकती है। उसके लिए यूट्यूब का लिंक प्रेषित किया गया हैः-

https://youtu.be/-NNwt69kIvM?si=qRdID4gvWKTVjjAK

अतः शासन के निर्देशों के क्रम में अनुरोध है कि तीन कार्य दिवसों में कोर्डिनेटर नामित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. विश्वविद्यालय स्वयम कोर्डिनेटर/सह-कोर्डिनेटर।
2. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट, उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।
3. उप-कुलसचिव सम्बद्धता।
4. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन में आज ही अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव